December I 2013

मूल्य ♦ दस रुपए

बालहंस

Every Fortnight

- आई आई अब तेरी बारी
- राजकुमार और जादुई घोड़ा
- नॉलेज बैंक
- तथ्य निराले
- सबके हित में
- गैलापैगोस द्वीप
- नए जमाने की एबीसीडी
- लोकतंत्र की जीत

राजस्थान पत्रिका प्रकाशन

वर्ष- 28 अंक- 10
1-15 दिसम्बर, 2013 पृष्ठ- 68

ब्लेक बैल्ट

सारे वाहनों को अच्छी तरह चैक करना....
POLICE
देखो वो गाड़ी तेजी से निकल रही है, पीछा करो...
तुमने सीट बैल्ट नहीं बांध रखी है?
सीट बैल्ट!! नहीं जी, मैं तो कराटे में ब्लेक बैल्ट हूं...
इह!! तब तो अपनों की निकल भागने में ही भलाई है...!
J.B.C.

वर्ष- 28 **अंक-** 10
मार्गशीर्ष कृष्ण-शुक्ल
विक्रम संवत् 2070

दिसम्बर (प्रथम) 2013, जयपुर

विविध

कविताएं- 10-11
नए जमाने की एबीसीडी- 12-13
बालहंस न्यूज- 15
सैरसपाटा- 16-17
बोलें अंग्रेजी- 21
गुदगुदी- 22-23
सामान्य ज्ञान- 42-43
तथ्य निराले- 44
नॉलेज बैंक- 45
बालमंच- 46
सीख-सुहानी- 48
कमाल है/बूझो तो... - 49
अंतर बताओ- 50
आर्ट एंड क्राफ्ट- 51
बिंदु से बिंदु- 52
किड्स क्लब- 54-55
गैलापैगोस द्वीप- 56-57
ढूंढो तो...- 61
कैसा लगा- 66

कहानियां

लोकतंत्र की जीत- 5
सबके हित में- 6-7
आई-आई अब तेरी बारी- 8-9

प्रतियोगिताएं

प्रतियोगिता परिणाम- 58
ज्ञान प्रतियोगिता- 59
रंग दे प्रतियोगिता- 60

चित्रकथा

साइलेंट कार्टून- 14
राजकुमार और जादुई घोड़ा- (समापन भाग)- 24-41
ई-मैन- 62-65

संपादक
आनन्द प्रकाश जोशी

उप संपादक
मनीष कुमार चौधरी

संपादकीय सहयोग
किशन शर्मा

चित्रांकन
प्रतिमा सिंह

पृष्ठ सज्जा: **शेरसिंह**

संपादकीय सम्पर्क

बालहंस (पाक्षिक)
राजस्थान पत्रिका प्रकाशन,
5-ई, झालाना संस्थानिक क्षेत्र,
जयपुर (राजस्थान) पिन-302 004
दूरभाष: 0141-3005857
e-mail: balhans@epatrika.com

ग्राहक शुल्क

कृपया ग्राहक शुल्क (सब्सक्रिप्शन) की राशि बैंक ड्राफ्ट या मनीऑर्डर से **बालहंस, जयपुर** के नाम भिजवाएं।
वार्षिक- 240/-रुपए,
अर्द्धवार्षिक- 120/-रुपए

सब्सक्रिप्शन एवं वितरण संबंधी जानकारी के लिए 0141-3005825 पर संपर्क करें।

संपादकीय

दोस्तो,

बात समय की करते हैं। समय का चक्र अपनी गति से चल रहा है। अक्सर इधर-उधर कहीं न कहीं, किसी न किसी से ये सुनने को मिलता है कि क्या करें समय ही नहीं मिलता। समय जैसी मूल्यवान संपदा का भंडार होते हुए भी हम हमेशा उसकी कमी का रोना रोते रहते हैं, क्योंकि हम इस अमूल्य समय को बिना सोचे-समझे खर्च कर देते हैं। एक बार हाथ से निकला हुआ समय कभी वापस नहीं आता। सच ही तो है मित्रो, किसी भी काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, क्योंकि आज का कल पर और कल का काम परसों पर टालने से काम अधिक हो जायेगा। बासी काम, बासी भोजन की तरह अरुचिकर हो जायेगा। नेपोलियन ने आस्ट्रिया को इसलिए हरा दिया कि वहां के सैनिकों ने पांच मिनट का विलंब कर दिया था, लेकिन वहीं कुछ ही मिनटों में नेपोलियन बंदी बना लिया गया, क्योंकि उसका एक सेनापति कुछ विलंब से आया। वाटरलू के युद्ध में नेपोलियन की पराजय का सबसे बड़ा कारण समय की अवहेलना ही थी। कहते हैं, खोई दौलत फिर भी कमाई जा सकती है, भूली विद्या पुनः पाई जा सकती है, किन्तु खोया हुआ समय वापस नहीं लाया जा सकता, सिर्फ पश्चाताप ही शेष रह जाता है। हम समय की कद्र करेंगे तो वह हमारी जिंदगी संवार देगा।

तुम्हारा बालहंस

लोकतंत्र की जीत

कहानी

सुंदर वन में आम चुनावों की तैयारी बड़े जोर-शोर से चल रही थी। वहां के निवासियों में चुनावों को लेकर बड़ा उत्साह था। वे सब अच्छी तरह से जानते थे कि राजतंत्र समाप्त करने का यही सबसे अच्छा मौका है। सभी को वोट डालने का अधिकार है। सारे वन में चुनावों का प्रचार-प्रसार बड़े शांतिपूर्ण ढंग से हो रहा था। क्रूरसिंह के साथी अपने उ□मीदवार को जिताने के लिए कच्ची बस्ती में चुनाव प्रचार कर रहे थे। वे अच्छी तरह से जानते थे कि इस बार क्रूरसिंह को ट□कर देने के लिए गजराज हाथी चुनाव मैदान में उतरा है। वे सब मिलकर गरीबों को नोट और मदिरा बांट रहे थे। बस्ती के कुछ मतदाताओं ने उनका विरोध किया तो उनको डराने व धमकाने लगे। गजराज हाथी को जब यह खबर लगी तो उसने चुनाव आयोग से इस बात की शिकायत कर दी।



क्रूरसिंह ने गजराज हाथी को सबक सिखाने की ठान ली। एक दिन जब गजराज हाथी एक स्थान पर चुनावी सभा को स□बोधित कर रहा था, तभी कुछ गुण्डों ने उस पर हमला बोल दिया। इस हमले में गजराज और उसके कई समर्थक घायल हो गए। उन्हें तुरंत सुंदर वन के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

यह खबर सारे वन में आग की तरह फैल गयी। सभी आपस में कह रहे थे कि यह घटना लोकतंत्र के लिए बेहद निंदनीय है। सभी मतदाता गजराज हाथी का हाल-चाल पूछने के लिए अस्पताल में जा पहुंचे। गजराज हाथी एक सच्चा समाज सेवक और गरीबों का मसीहा था। उसके साथ सारा सुंदर वन था।

क्रूरसिंह अपनी योजना में विफल हो चुका था। उसका असली चेहरा सबके सामने आ चुका था। वह लोकतंत्र में दादागिरी के बल पर चुनाव जीतना चाहता था।

चुनाव का दिन आ चुका था। सुबह आठ बजे से ही सुंदर वन में चहल-पहल शुरू हो गई। क्रूरसिंह ने मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर पहुंचाने के लिए कई गाड़ियां लगा रखी थीं। परन्तु उसकी इस चाल को सब समझ चुके थे। मतदाता पैदल ही अपने-अपने घरों से निकल पड़े। क्रूरसिंह की गाड़ियों में बस उसके अमचे-चमचे ही आ-जा रहे थे।

ज्यों-ज्यों दिन गुजर रहा था, पोलिंग बूथों पर जागरूक मतदाताओं की भीड़ बढ़ती जा रही थी। शाम होते-होते लगभग अस्सी से न□बे प्रतिशत पोलिंग हो चुकी थी। पांच बजते ही मतदान बंद हो गया। क्रूरसिंह और गजराज हाथी की किस्मत मत-पेटियों में बंद हो चुकी थी।

दूसरे दिन मतगणना का कार्य प्रार□भ हुआ। दोनों उ□मीदवारों के समर्थक परिणाम घोषित होने का इन्तजार कर रहे थे। थोड़ी ही देर बाद चुनाव अधिकारी ने लाउडस्पीकर के माध्यम से सूचना दी कि लगभग पचास हजार वोटों से गजराज हाथी की भारी विजय हुई है। यह सुनते ही चारों ओर ढोल-नगाड़े बजने लगे। गजराज हाथी को फूल-मालाओं से उसके समर्थकों ने लाद दिया। 'गजराज हाथी जिन्दाबाद' के नारे लगने लगे। विजय जुलूस निकाला गया। क्रूरसिंह अपने साथियों के साथ चुपचाप निकल गया।

वर्षों बाद सुंदर वन में लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव स□पन्न हुए और पीढ़ी दर पीढ़ी से चली आ रही क्रूरसिंह के परिवार की तानाशाही खत्म हो गई। अब

सबके हित में...

आज रौनक के स्कूल की छुट्टी थी। उसने म□मी से पूछा , 'म□मी मैं गौरव के यहां खेलने जाऊं ?'

'हां बेटा जाओ, पर अंधेरा होने से पहले लौट आना,' म□मी ने कहा।

'ठीक है म□मी मैं समय पर आ जाऊंगा।' कहकर रौनक गौरव के घर की ओर चल पड़ा।

थोड़ी दूर चलने पर उसने देखा, दीनू काका एक हरे-भरे पेड़ को काट रहे थे। रौनक रुका और बोला, 'दीनू काका आप इस पेड़ को □यों काट रहे हो! ऊपर तो चिड़िया का घोंसला भी है। आप पेड़ को काटोगे तो उसका घर भी उजड़ जाएगा। मेरी टीचर कहती है कि हमें पेड़ों को नहीं काटना चाहिए और जीवों पर भी दया करनी चाहिए।'

नन्हें से रौनक की समझदारी भरी बातें सुनकर दीनू काका के हाथ रुक गए और वे बोले, 'बेटा तुम बिल्कुल सही कहते हो। मुझ अनपढ़ को पाप करने से बचा लिया। सच में जीव हत्या और पेड़ काटना किसी पाप से कम नहीं है।' कहकर दीनू काका सूखी लकड़ियां ढूंढने निकल पड़े।

रौनक कुछ और आगे चला तो उसने देखा, पानी की एक टंकी के पास रजनी मौसी कपड़े धो रही थी। नल खुला था और नीचे रखी बाल्टी भर चुकी थी। बहुत सारा पानी बहकर सड़क पर आ रहा था।

'रजनी मौसी जल तो जीवन है, अगर ये ही नहीं रहा तो हम पीयेंगे □या! मेरी टीचर कहती है कि हमें व्यर्थ पानी नहीं बहाना चाहिए।' रौनक ने कहा।

'तू ठीक कहता है बेटा, आगे से मैं □याल रखूंगी,' नल को बंद करते हुए रजनी मौसी ने कहा।

रौनक कुछ और दूरी तक चला तो उसने देखा शिल्पा दीदी घर की सफाई से निकला कचरा सड़क पर फेंक रही थी। यह देख रौनक को बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वह रुका और बोला, 'शिल्पा दीदी मेरी टीचर कहती है कि हम जिस तरह अपने घर को साफ रखते हैं उसी तरह हमें अपनी गली, मोहल्ले, शहर और देश को भी स्वच्छ और सुन्दर रखना चाहिए। इससे हमें बीमारियां भी नहीं होगी और हम देश के अच्छे नागरिक भी कहलायेंगे।' रौनक की हितकारी बातें सुन शिल्पा को अपनी गलती का अहसास हुआ और उसने सड़क से कचरा उठा कर कुछ ही दूरी पर रखे कूड़ेदान में डाल दिया।

कुछ देर में रौनक अपने दोस्त गौरव के घर पहुंच गया। गौरव वहां नहीं था।

कहानी

गौरव की म□मी रसोईघर में खाना बना रही थी। रौनक ने देखा कि एक कमरे में लाइट और पंखा चल रहा था और वहां कोई नहीं था।

रौनक रसोईघर में गया और बोला, 'आंटी, पास वाले कमरे में लाइट और पंखा चल रहा है। मेरी टीचर कहती है कि हमें बिजली व्यर्थ नहीं जलानी चाहिए वरना एक दिन ऐसा आएगा जब हमें फिर से अंधेरे में रहना पड़ेगा।'

रौनक की समझदारी भरी मीठी-मीठी बातें सुनकर रोली आंटी कमरे में गयी और लाइट-पंखा बंद कर दिया। फिर रौनक के सिर पर प्यार से हाथ फेरकर बोली, 'बेटा तु□हारी टीचर बिल्कुल सही कहती है। मैं आगे से □याल रखूंगी। तुम छत पर जाओ, गौरव वहां तु□हारा इंतजार कर रहा है।' रौनक छत पर गया और दोनों दोस्त खेलने लगे।

–मोनिका जैन

22 साल के हुए सर्च इंजन

सर्च इंजनों के इस्तेमाल को 22 साल हो गए हैं। पहला इंटरनेट सर्च इंजन 'आर्ची' था, जिसे वर्ष 1990 में एलन एमटेज नामक छात्र ने विकसित किया था। आर्ची के आगमन के समय 'वर्ल्ड वाइड वेब' का नामो-निशान भी नहीं था। चूंकि उस समय वेब पेज जैसी कोई चीज नहीं थी, इसलिए आर्ची एफटीपी सर्वरों में मौजूद सामग्री को इन्डेक्स कर उसकी सूची उपलब्ध कराता था।

'आर्ची' इसी नाम वाली प्रसिद्ध कॉमिक स्ट्रिप से कोई संबंध नहीं है। यह नाम अंग्रेजी के 'आर्काइव' शब्द से लिया गया था, जिसका अर्थ है क्रमानुसार सहेजी हुई सूचनाएं। आर्ची के बाद मार्क मैककैहिल का 'गोफर' (1991), 'वेरोनिका' और 'जगहेड' आए।

वर्ष 1997 में आया 'गूगल' जो सबसे सफल और सबसे विशाल सर्च इंजन माना जाता है। 'याहू' 'बिंग' (पिछला नाम एमएसएन सर्च), एक्साइट, लाइकोस, अल्टा विस्टा, गो, इंकटोमी आदि सर्च इंजन भी बहुत प्रसिद्ध हैं।

आई-आई अब तेरी बारी

कहानी

एक था पीदना। कद्दू जैसा सिर, बटन जैसी आंखें। ककड़ी जैसे हाथ और लौकी जैसे पैर। कुल मिलाकर आम लोगों से बिल्कुल अलग। इसलिए अच्छा-खासा नाम मुस्कुराहट सिंह होते हुए भी इसे सबने पीदना कहना शुरू कर दिया, और उसकी पत्नी को पीदनी।

पीदना की बातें बड़ी मनमोहक थीं, इसलिए अ□सर लोग उसका साथ ढूंढते थे। उसके पास सबको हंसाने की अद्भुत कला थी। वह सबको खूब हंसाता था। इसलिए सब उसके मित्र थे और जब भी उस पर कोई मुसीबत पड़ती तो सब उसकी मदद भी करते थे।

एक बार राजा की सवारी उसके गांव से गुजरी। सारे गांव वाले राजा के स्वागत के लिए एकत्र हो गये। राजा को देखने का सबमें बहुत उत्साह था। सो पीदना भी सबके साथ पहुंच गया। □योंकि पीदना का कद छोटा था, इसलिए उसे सबसे आगे खड़ा कर दिया। पीदना देखने में अटपटा लगता था, इसलिए राजा की नजर उस पर पड़ी तो राजा स्वयं को उससे बातें करने से रोक नहीं सका। राजा की बातों का जो उसने उ□ार दिया तो राजा को हंसी आ गई।

राजा ने उसे आज्ञा दी कि आज से तुम हमारे महल में हमारे साथ रहोगे और हमारा मनोरंजन करोगे।

'महाराज, मेरी पत्नी भी है, जिसे सब पीदनी कहते हैं,' पीदने ने राजा से कहा। राजा ने पीदनी को भी साथ ले आने की आज्ञा दे दी। अब पीदना और उसकी पत्नी पीदनी राजा के साथ महल में चले गये। वहां वे दोनों बड़े मजे से महल में रहने लगे। वो राजा का मनोरंजन करता। जब-जब राजा उदास होता या तनाव में दुखी होता तो पीदना अपनी श□ल और बातों से राजा को हंसाता।

राजा ने अपने महल में अपनी रानी के लिए एक फूलों की वाटिका बनवा रखी थी। जिसमें रानी के अतिरि□त राजा ही जा सकता था, कोई अन्य नहीं। पीदना भी यह बात जानता था।

लेकिन एक दिन पीदना अपनी पीदनी को लेकर उस वाटिका में चला गया। पीदनी को वहां खिले गुलाब के फूल बहुत सुंदर लगे। उसने पीदना से कहा कि वो गुलाब के फूल तोड़ेगी।

हालांकि पीदना ने मना किया, परन्तु पीदनी ने फूल तोड़ लिये। उसी समय राजा रानी के साथ वाटिका में पहुंच गया। रानी यह देखकर गुस्से से आगबबूला हो गई और राजा को भी पीदना पर बहुत गुस्सा आया। राजा ने आज्ञा दी कि पीदना तुरंत महल छोड़ दे और पीदनी को जेल में डाल दिया जाए।

राजा की आज्ञा का पालन हुआ। पीदनी को जेल में डाल दिया और पीदना वापस अपने गांव आ गया। लेकिन पीदना अपनी पीदनी को जेल में कैसे छोड़ता, सो उसने अपनी फौज बनानी शुरू की।

सबसे पहले उसने एक सरकंडे की गाड़ी बनाई। वो गाड़ी लेकर निकला ही था कि उसे चींटी मिली। चींटी ने पूछा, 'पीदना भाई कहां जा रहे हो?' पीदना ने सारी बात चींटी को बताई। चींटी ने कहा, '□या मैं भी तु□हारे साथ चल सकती हूं।' 'हां...हां...□यों नहीं। आ जाओ इस गाड़ी में बैठ जाओ।' आगे चलने पर उसे चूहा मिला। चूहे ने पूछा, 'सरकंडे की गाड़ी लेकर कहां चले।' उसने चूहे को भी सारी बात बताई और कहा, 'राजा की जेल से अपनी पीदनी को छुड़ाने जा रहा हूं, □या तुम मेरे साथ

'हां...हां...□यों नहीं अपने और साथियों को भी ले लेता हूं,' पीदने ने कहा।

'तो बैठो गाड़ी में।'

आगे उसे आग मिली। आग ने पूछा, 'सरकंडे की ये गाड़ी लेकर कहां जा रहे हो?' सारी बात बताने पर आग ने पूछा, 'मैं भी तु□हारे साथ चलूं।'

'नेकी और पूछ-पूछ।'

'लेकिन मैं तु□हें कैसे लेकर जाऊं,' पीदना ने पूछा?

आग ने कहा, 'तुम मुझे डिबिया में बंद करके ले जा सकते हो।' पीदना ने आग को एक डिबिया में बंद करके गाड़ी में रख दिया। पीदना की गाड़ी नदी किनारे जा रही थी। तभी नदी ने आवाज दी।

'पीदना भाई कहां जा रहे हो?' पीदना ने उसे भी बताया कि राजा से अपनी पीदनी छुड़वाने जा रहा हूं।

'ठहरो मैं भी तु□हारे साथ चलती हूं,' नदी ने कहा।

'पर तुम मुझे कैसे ले जाओगे,' नदी ने पूछा।

पीदना ने कहा, 'तुम मेरे कान में भर जाओ।' देखते ही देखते पीदना की फौज तैयार हो गई। पीदना ने कबूतर से संदेश भिजवाया कि राजा को जाकर खबर देना कि पीदना अपनी फौज लेकर राजा से युद्ध करने आ रहा है। राजा ये संदेश सुनकर हंसने लगा। उसने अपने कुछ सैनिक हाथियों पर सवार करके महल की ड्योढ़ी पर खड़े कर दिये। पीदना पहुंचा महल के फाटक पर, तो सैनिकों ने रास्ता रोका।

उसी समय पीदना ने कहा, 'चींटी निकल बाहर तेरी बारी आई।' चींटी गाड़ी से बाहर निकली और हाथियों की सूंड में घुस गई। हाथी सब भूल गए और अपनी सूंड को फटकारने लगे। वे पागल से हो गये और वहां से भाग चले। तब तक चूहा निकल कर जेल तक पहुंच गया और उसने जेल का ताला काट दिया। अब कुछ सैनिक तलवारें लेकर आगे आए।

पीदना ने डिबिया खोली और धीरे से कहा, 'आग-आग अब तेरी बारी आई।' आग चारों ओर फैलने लगी। सारे सैनिक आग के डर से पीछे हटने लगे और पीदना महल में राजा के पास पहुंच गया।

राजा से कहा, 'आप मेरी पीदनी मुझे लौटा दो।' राजा हंसने लगा। भला मेरी फौज के सामने तेरी □या बिसात। पीदना ने कहा, 'ठीक से तो देखो मेरी फौज के भी कमाल।' और उसने नदी से कहा, 'नदी-नदी कान से बाहर निकल, अब आई तेरी बारी।' नदी बाहर निकली और उसने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया। नदी का पानी चारों तरफ फैल गया। महल की सब चीजें डूबने लगीं। चारों ओर हाहाकार मच गया। सब अपनी-अपनी जान बचाने में और खुद को संभालने में लग गये और बचाओ-बचाओ का शोर चहुंओर गूंजने लगा। राजा भी घबरा गया। राजा ने पीदना से कहा, 'इस नदी को रोको, मैं तु□हारी पीदनी को अभी आजाद करता हूं।' और राजा ने पीदनी को लाने का आदेश दिया।

पीदना ने अपनी पीदनी को गाड़ी में बैठने को कहा, और आग को डिबिया में वापस आने को। उसने अपनी सारी फौज ली और अपने गांव वापस जाने लगा। लेकिन राजा हैरान-परेशान था कि वाकई उसकी छोटी-सी फौज ने कमाल कर दिया। राजा रानी से पूछ रहा था कि □या मैंने कोई सपना देखा था।



पेटम पूजा

बहुत हो गई पेटम-पूजा
मम्मी-रानी, मम्मी-रानी
मुझको दे दो चाट-पकौड़ी,
लेकिन इतना ध्यान रहे बस
जरा मिर्च हो इनमें थोड़ी।
मम्मी-रानी, मम्मी रानी
मुझको दे दो काजू-कतली,
लम्बाई में हो यह ज्यादा
मोटाई में चाहे पतली।
मम्मी-रानी, मम्मी-रानी
मुझको दे दो गिरी-बादाम,
जाड़ा मुझको नहीं सताये
ऐसा कर दो अनूठा काम।
मम्मी-रानी, मम्मी-रानी
मुझको करनी अभी पढ़ाई,
बहुत हो गई पेटम-पूजा
पढ़ने में है छिपी भलाई।

–राजेन्द्र निशेश

हंसो सदा

हंसो जोर से हा हा हा...
रोग सभी होंगे स्वाहा।
रोग मिटे, हट जाए बला
हंसना बच्चों एक कला।
सैर करो, जंगल में जाओ
जीभर कर हंस हंस कर आओ।
हंसने से तो सुख मिलता है
मुझिया चेहरा खिलता है।
जो बच्चा हरदम रोता है
वह अपने सपने खोता है।

सबके चहेते साबूजी

आबू जी-बाबू जी
सबको प्यारे साबूजी।
बदन-बनाया इस्पाती
भारी भरकम बाजू जी।
कई किलो बादाम पचाते
उन्हें पसंद हैं काजू जी।
वजन तौलने जाएं तो
डर जाए तराजू जी।
उनके सर की चम्पी करते
गंगापुर के राजू जी।
रोज बदन की मालिश करते
बैंगलोर के कालू जी।
हैं उस्ताद अखाड़े के
शागिर्दों के चाचू जी
आबू जी, बाबू जी
सबके चहेते, साबूजी।

रुखा सूखा मिले वो खाओ
लेकिन हंसकर उसे पचाओ।
बात बात में गुस्सा छोड़ो
खुदको मुस्कानों से जोड़ो।

व्यर्थ किसी को नहीं सताओ
दुखियारों को गले लगाओ।
हंसो स्वयं और सबको हंसाओ
दुश्मन को भी अपना बनाओ।

–वीरेन्द्र जैन

नए जमाने की

A	a — apple APPLE
B	b — bluetooth BLUETOOTH
C	c — chat CHAT
G	g — google GOOGLE
H	h — harddisk HARDDISK
I	i — internet INTERNET
J	j — java JAVA
O	o — orkut ORKUT
P	p — pendrive PENDRIVE
Q	q — quicktime player QUICKTIME PLAYER
R	r — ram RAM
W	w — wi-fi WI-FI
X	x — xp XP

1 इंटरनेट का मिनट

आज इंटरनेट हर किसी की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। कुछ ढूंढना हो तो इंटरनेट, मनोरंजन करना हो तो इंटरनेट, दूर बैठे चहेतों या दोस्तों से गपशप करनी हो तो इंटरनेट। आपने भी घंटों इंटरनेट पर वक्त गुजारा होगा, लेकिन शायद ही कभी आपके मन में यह सवाल आया हो कि इंटरनेट का एक मिनट कैसा होता होगा।

डाटा व ई-मेल

जिदंगी का अहम हिस्सा बन चुके इंटरनेट पर एक मिनट में म,फ-,त गीगा बाइट डाटा ट्रांसफर हो जाता है। इसके साथ ही म सैकंड में ख करोड़ ब लाख ई-मेल लोग एक-दूसरे को भेज देते हैं।

फोटो-वीडियो

एक मिनट में नेट पर ख करोड़ फोटो देखी जाती हैं। विभिन्न यूजर्स के माध्यम से प हजार फोटो अपलोड की

A B
C D

D	
d	download DOWNLOAD

E	
e	e-mail E-MAIL

F	
f	facebook FACEBOOK

K	
k	keyboard KEYBOARD

L	
l	laptop LAPTOP

M	
m	mouse MOUSE

N	
n	network NETWORK

S	
s	software SOFTWARE

T	
t	twitter TWITTER

U	
u	usb USB

V	
v	vlc player VLC PLAYER

Y	
y	yahoo YAHOO

Z	zorpia
z	zorpia ZORPIA

साभार: vivekrastogi.com

नेट ऑन मोबाइल

स्मार्टफोन के बढ़ते यूज के बीच एक मिनट में ब्त्र हजार मोबाइल ऐप्लीकेशन डाउनलोड कर ली जाती हैं, और इसी समय में क्फ नए मोबाइल यूजर इंटरनेट से जुड़ते हैं।

सोशल नेटवर्किंग

एक मिनट में फ्ख से ज्यादा नए ट्वीटर एकाउंट बनते हैं और क लाख ट्वीट्स किए जाते हैं। दो लाख

सर्च एंड इंफो

इस एक मिनट में ही ख लाख से ज्यादा जानकारियां गूगल पर सर्च की जाती हैं और म नए आर्टिकल्स विकीपीडिया पर अपलोड किए जाते हैं।

इंटरनेट क्राइम

इंटरनेट की एक मिनट की दुनिया में त्त यूजर्स साइबर क्राइम के शिकार हो जाते हैं और ख नए यूजर्स की

–मनोज जैसवाल



Jingle Bell Creations

यहां इंसानों से अधिक हैं मोर

मध्य प्रदेश के नीमच जिले के बासनियां गांव की पहचान मोरों के गांव के तौर पर बन गई है। इस गांव में मोरों की सं□या यहां की आबादी से दो गुना है। अरावली पहाड़ी के नीचे बसे

बासनियां गांव के लोगों को पशु-पक्षियों से बेहद लगाव है। यही कारण है कि यहां मोर जैसा पक्षी भी आसानी से विचरण करता नजर आ जाता है। गांव का हाल यह है कि हर तरफ मोर नजर आते हैं। खेत हो, खलिहान हो या फिर घरों की छत जहां भी नजर दौड़ाई जाए, वहां सिर्फ राष्ट्रीय पक्षी ही नजर आते हैं। ग्रामीणों के अनुसार यहां के लोग पशु-पक्षियों से बहुत लगाव रखते हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इस बात का □ायाल रखते हैं कि किसी पशु-पक्षी को किसी तरह की परेशानी न हो। मोरों की बढ़ती तादात के लिए वे यहां की हरियाली और वातावरण को श्रेय देते हैं। इस गांव की आबादी लगभग चार सौ है लेकिन गांव के लोग मोरों की सं□या दो गुना यानी करीब आठ सौ से ज्यादा होने का दावा करते है। गांव में पक्षियों के प्रति बढ़े प्रेम से हर

बर्गर विशाल

लंदन में पहली बार अत्याधुनिक प्रयोगशाला में ढाई लाख पौंड का एक बर्गर बनाया गया है। जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा। सिर्फ एक बर्गर की कीमत है, ढाई लाख पौंड, यानी लगभग दो करोड़ फ्फ लाख रुपए। आप सोच रहे होंगे कि इसकी खासियत □या है। तो जनाब यह बर्गर किसी पांच सितारा होटल की रसोई या सड़क किनारे के खोमचे पर नहीं बना है। यह बना है,

लंबाई सात फीट

पश्चिम बंगाल के दक्षिणी दिनाजपुर जिले में सात फीट लंबाई और क्ख किग्रा वजन वाली सिद्दीका परवीन (ख्ब वर्ष) लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गई हैं। बंशीहारी खंड के श्रीरामपुर गांव निवासी सिद्दीका प्रतिदिन भोजन

में छह किलोग्राम चावल लेती हैं। दैनिक श्रमिक अफसाउद्दीन मंडल एवं मंसूरा बीबी की तीन बेटियों में सबसे बड़ी सिद्दीका के शरीर में दस वर्ष की उम्र से असामान्य विकास होना शुरू हुआ। सिद्दीका की मां ने बताया कि अपनी असरमान्य वृद्धि के कारण लोगों के उपहास का केंद्र बनने पर उसे पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी। सिद्दीका के चिकित्सकों का कहना है कि उसके पीयूष ग्रंथि में ट्यूमर होने के कारण हार्मोन का असामान्य स्त्राव हुआ, जिसकी

महाकाय कद्दू

ब्रिटेन के किसान ने एक विशालकाय कद्दू उगाया है। इसके लिए किसान को छह महीने की कड़ी मेहनत करनी पड़ी। यह कद्दू किसी छोटी स्मार्ट कार से कम नहीं है। जो लंदन के अब तक के सबसे बड़े कद्दू होने का रिकॉर्ड बना सकता है। कद्दू के वजन का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि इसे हिलाने- डुलाने के लिए एक छोटे ट्रक की जरूरत पड़ती है। किसान का कहना है कि इस कद्दू में इतना वजनी होने के पीछे सबसे खास वजह है कि इसे जैव बीजों से उगाया गया है।



बैंकाक

बैंकॉक में देखने के लिए बेशुमार पर्यटन स्थल हैं। यहां किले, महल, पार्क और धार्मिक स्थलों सहित बहुत कुछ है देखने के लिए। राजा के महल की भव्यता देखते ही बनती है।

वाट फो काफी विशाल मंदिर हैं। इसमें भगवान बुद्ध की शयन की हुई प्रतिमाएं लगी हैं। वाट फरा मंदिर बैकॉक का सबसे बड़ा मंदिर है। इन मंदिरों की कई प्रतिमाएं स्वर्ण की हैं और कइयों के स्वर्ण से पॉलिश की गई हैं। वाट सुटहाट को सबसे पुराना मंदिर माना जाता है। इस मंदिर में लोग अच्छी फसल और सुख-शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। इसके अलावा भी यहां भगवान बुद्ध के अनेक मंदिर हैं।

नेशनल म्यूजियम और गैलेरियां भी यहां आने वाले पर्यटकों का मनोरंजन और ज्ञानवर्द्धन के लिए तत्पर दिखाई देती हैं। थाई शैली से बना सुआन पक्कड अनोखे पैलेस एशियन कला पुरामहत्त्व की वस्तुओं का कलेक्शन है।

विमनक मेनशन म्यूजियम विश्व का सबसे बड़ा सागौन की लकड़ी का बना हुआ भव्य म्यूजियम है। तीन मंजिले इस भवन में अट्ठारह कमरे बने हुए हैं। इसे देखने के लिए ट्यूरिस्टों का तांता लगा रहता है। ल्युमपिनि पार्क, प्रिंसेस मदर मेमोरियल पार्क में विभिन्न प्रजातियों की वनस्पतियों को देखकर पर्यटक मंत्रमुग्ध हो जाते हैं।

बैंकाक एशिया का वेनिस यानी तैरता शहर कहा जाता है। यहां नहरों का जाल-सा बिछा है। यहां नावों को जल टैक्सियों की तरह भी इस्तेमाल किया जाता है। पर्यटक तो इन्हीं अनोखी जल टैक्सियों में बैठकर नदी की सैर करना पसंद करते हैं, ताकि बैंकाक के खूबसूरत नजारों का मजा आराम से लिया जा सके।

यहां सिर्फ नाव टैक्सियां ही नहीं हैं। फलों, सब्जी, अनाज, मसालों, फूलों, मिठाइयों, मछलियों, शीतल पेय पेयों आदि की दुकानें नावों के रूप में तैरती रहती हैं। यानी तैरते हुए बाजार से लोग तैरते हुए ही खरीददारी करते हैं। सबसे बड़ा तैरता बाजार दामनोयन सादौक जगह पर है। असल में ये बाजार पर्यटकों को लुभाने के लिए लगाए जाते हैं।

यहां के ग्रांड पैलेस में एमराल्ड बुद्ध की मूर्ति है। रामा राजा चतुर्थ का महल पूरी तरह से सागवान लकड़ी का बना हुआ है। साथ ही आप बैंकाक में एंटी वीनम बनाने के लिए सांपों से वीनम निकाले जाने की प्रक्रिया देख सकते हैं।

मगरमच्छों की कुश्ती और हाथियों की फुटबॉल के साथ धींगामस्ती देख सकते हैं।

नंबर wheel

A.



कैसे खेलें

नंबर व्हील को हल करने के लिए अपनी तर्क शक्ति का प्रयोग करें। यहां एक संख्या शृंखला दी गई है जो एक ही सिद्धांत के आधार पर क्रमबद्ध बढ़ती है। आपको उस शृंखला की लापता संख्या लिखनी है।

B.



180-degree

A.



कैसे खेलें

पहेली को हल करने के लिए आप को ऐसी विभिन्न आकृतियां बनानी हैं जो गोलों के केंद्रबिंदु ऊपर से नीचे व दाएं से बाएं देखने पर एक जैसी ही नजर आएं। ध्यान यह रखना है कि गोले का एक ही बार प्रयोग हो व आकृतियां प्रत्येक वर्ग में भर जाएं।

B.



नंबर pyramid

A.



कैसे खेलें

नंबर पिरामिड बनाने के लिए प्रत्येक दो वर्गों की संख्या का योग उन दोनों वर्गों के ठीक ऊपर के वर्ग की संख्या से मेल खाना चाहिए।

B.



illusion











उत्तर

नंबर wheel

A.



B.



180-degree

A.



B.



नंबर pyramid

A.



B.



life is like a confused teacher...
first she gives the test...
and then teaches the lesson

Life is Really
Simple, but we
Insist on Making
it Complicated

Life is an opportunity. benefit from it.
Life is a beauty. admire it.
Life is a dream. realize it.
Life is a challenge. meet it.
Life is a duty. complete it.
Life is a game. play it.
Life is a promise. fulfill it.
Life is sorrow. overcome it.
Life is a song. sing it.
Life is a struggle. accept it.
Life is a tragedy. confront it.
Life is an adventure. dare it.
Life is luck. make it.
Life is life. fight for it.

Live Life Hope

LIFE Quotes

Time decides who you meet in your life.
Your **Heart** decides who you want in your life.
And your **behaviour** decides who will stay in your life.

Home...

it's wherever your heart is.



Life isnt about
Finding Yourself..
Its about Creating
YourSelf ...

i hope you always
find a reason to
smile.

Corner Quote

3 stupid stages of life!

Teen age:
Have Time + Energy ...but No Money

Working Age:
Have Money + Energy ...but No Time

Old age:
Have Time + Money ...but no Energy

Lesson- 194

बोलो अंग्रेजी

बच्चो, तु□हें रोजाना अपने घर-स्कूल में अंग्रेजी बोलना चाहिए। इससे अंग्रेजी पर अच्छी पकड़ तो बनेगी ही, साथ ही तु□हारी अंग्रेजी बोलने में होने वाली हिचकिचाहट भी दूर होगी और कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा। यहां तु□हें रोजाना घर-बाहर बातचीत में काम में आने वाले वा□य दिए जा रहे हैं। इन्हें ध्यान से पढ़ें और अ□यास करें।

क. स्कूल जाने का समय हो गया है।
It is time for school.
इट इज टाइम फॉर स्कूल।

ख. यह आपका दोष नहीं था।
It was not your fault.
इज वाज नॉट योअर फॉल्ट।

फ. बालक ने कविता सुनाई।
The boy recited a poem.
द बॉय रिसाइटिड ए पोयम।

ब. लड़का स्कूल नहीं आया।
The boy did not come to school.
द बॉय डिड नॉट कम टु स्कूल।

भ. मु□याध्यापक ने मेरा जुर्माना माफ कर दिया।
The headmaster exempted my fine.
द हैडमास्टर इग्जै□पटेड माइ फाइन।

म. उसे अंग्रेजी में विशिष्टता प्राप्त हुई है।
He has got distinction in english.
ही हैज गॉट डिस्टि□शन इन इंग्लिश।

स्त्र. तु□हारे पास कला के विषय हैं, या विज्ञान के?
Have you offered arts or scince?
हैव यू ऑफर्ड आर्ट्स ऑर साइंस?

त. मेरे पास भौतिकी, रासायनिक और जीव विज्ञान हैं।
I have offerd physics, chemistry and biology.
आई हैव ऑफर्ड फिजि□स, कैमेस्ट्री एंड बायॉलोजी।

-. □या कोई फालतू कॉपी आपके पास है।
Do you have a spare exercise book/ note book.?
डू यू हैव अ स्पेअर ए□सरसाइज बुक/नोट बुक?

क. मुझे बड़ा अफसोस है, जो आपको इतनी देर तक मेरा इंतजार करना पड़ा।
I am awfully sorry to have kept you waiting so long.
आइ एम ऑफुली सॉरी टु हैव कैप्ट यू वेटिंग सो लौन्ग।

Word-Power

Gentle-विनम्र	Gather-एकत्र
Purchase-खरीदना	Generally-सामान्यत:
Push-ध□का देना	Attack-आक्रमण करना
Generously-उदारता से	Attractive-आकर्षक

Antonyms

Question-प्रश्न	Reply-उ□ार
Rest-आराम	Work-काम
Right-सही	Wrong-गलत
Rude-अस□य	Polite-विनम्र
Rural-ग्रामीण	Urban-शहरी
Sad-उदास	Happy-खुश

Synonyms

Hit- ट□कर, मार, प्रहार
Bang, Smash, Strike, Collision, Shoot, Collide with, Bump off.

अंग्रेजी- हिन्दी वा□यांश

(English-Hindi Phrases)

Attention Shri- ध्यान दें श्री...।
Back to work- काम पर लौटें।
Authorise you- मैं आपको प्राधिकार देता हूं।
Await reply- उ□ार की प्रतीक्षा करें।
Await further report- आगे और विवरण की प्रतीक्षा करें।

(अगले अंक में जारी)

संता पहली बार चण्डीगढ़ गया, वह रॉक गार्डन देखने जाना चाहता था।
पर उसे पता नहीं था कि वहां कैसे पहुंचा जा सकता है। तभी उसे पुलिस वाले की गाड़ी दिखी।
उसने पुलिस वाले से पूछा, 'सर क्या आप मुझे बता सकते हैं कि मैं रॉक गार्डन कैसे जा सकता हूं?'
पुलिस वाले ने कहा, 'तुम इस बस स्टॉप पर 46 नम्बर की बस लेना,
वो सीधी तुम्हें वहीं ले जाएगी।'
उसने पुलिस वाले को धन्यवाद कहा और पुलिसवाला अपनी गाड़ी में आगे निकल गया। तीन घंटे बाद जब पुलिस वाला उसी जगह से वापिस आ रहा था, तो उसने देखा कि संता अभी भी वहीं पर बस का इंतजार कर रहा है!
पुलिस वाला अपनी गाड़ी से बाहर आया और संता से पूछने लगा, 'क्या तुम अभी तक रॉक गार्डन नहीं गए? मैंने तुम्हें कहा था कि यहां से 46 नंबर की बस ले लेना, पर तुम अभी तक यहीं हो?'
संता बोला, 'चिंता न करे सर जी, 46 अब ज्यादा दूर नहीं है, ये अभी 43वीं बस थी जो चली गयी।'

एक मरीज की आंखें कुछ ज्यादा ही कमजोर थीं। एक भी अक्षर पढ़वा पाने में नाकाम डॉक्टर ने हारकर मरीज से आंखों के ठीक सामने थाली अड़ाकर पूछा- 'क्या यह चीज तुम्हें दिखती है?' मरीज ने कहा- 'जी, दिखती है।' डाक्टर ने पूछा- 'क्या है?' मरीज ने कहा- 'ठीक-ठीक नहीं बता सकता, चवन्नी है कि अठन्नी है।'

बालिका अपने तोते को बोलना सिखा रही है।
मेरे पीछे बोलो,
'मैं टहल सकता हूं।'
'मैं टहल सकता हूं।'
'मैं बोल सकता हूं।'
'मैं बोल सकता हूं।'
'मैं उड़ सकता हूं।'
'यह झूठ है।'

पत्नी-तुम हमेशा मेरी फोटो अपने पास रखते हो और ऑफिस भी साथ में ही ले जाते हो, क्यों?
पति-जब भी कोई समस्या आती है, चाहे कितनी ही मुश्किल क्यों न हो मैं तुम्हारी फोटो देख लेता हूं और समस्या गायब हो जाती है।
पत्नी-देखा, मैं तुम्हारे लिए कितनी चमत्कारी और भाग्यशाली हूं!
पति-हां बिल्कुल, मैं तुम्हारी फोटो को देखता हूं और अपने आप से कहता हूं कि क्या इससे बड़ी भी कोई समस्या हो सकती है?

एक भिखारी एक दरवाजे के सामने खड़ा था। उसने दरवाजा खटखटाया। घर के मालिक ने दरवाजा खोला और पूछा, 'क्या चाहिए तुम्हें?'
भिखारी ने कहा, 'क्या आप कुछ पैसे देकर इस भिखारी की मदद कर सकते हो? घर का मालिक अन्दर गया और कुछ सिक्के लेकर बाहर आया और भिखारी को दे दिये। भिखारी ने जब सिक्कों को देखा तो उसने शिकायती अंदाज में कहा, 'जब आपका लड़का घर पर होता है तो वह तो बहुत पैसे देता है।' घर के मालिक ने कहा, 'मेरा बेटा तुम्हें जितना चाहे उतना पैसा दे सकता है क्योंकि उसके पास एक अमीर बाप है।'

एक 75 वर्षीय वृद्धा चैकअप कराने अस्पताल गई, जहां एक युवा डाक्टर उसे चैकअप करने के लिए केबिन के अन्दर ले गया, थोड़ी देर में वह वृद्धा लगभग चिल्लाती हुई केबिन से बाहर भागी। बाहर एक सीनियर डॉक्टर ने उसे रोक कर सारी बात जाननी चाही।

सारी बात जानकर वह युवा डॉक्टर के केबिन में आया और उसे डांटते हुए बोला, 'तुम्हारा दिमाग तो ठीक है? 75 साल की महिला को तुम कह रहे हो कि वह मां बनने वाली है!

जूनियर डॉक्टर बोला, 'सॉरी सर, पर मैं क्या करता, उसकी हिचकी रोकने का मेरे पास कोई दूसरा तरीका नही था!'

एक ही मोहल्ले में रहने वाली सात औरतों में झगड़ा हो गया और बात यहां तक बढ़ गयी कि मामला अदालत तक जा पहुंचा।

जब मुकदमे में आवाज लगी, तब सभी औरतों ने जज के सामने भीड़ लगा ली और अपनी-अपनी बात कहने लगीं। वहां इतना शोर हो गया कि कुछ क्षणों के लिए जज भी बौखला गया।

स्त्रियों की चीख-पुकार मचती रही।

'आर्डर-आर्डर' जज ने कई बार हथौड़ा मेज पर मारा। जब शांति हो गई, तब जज ने कहा, 'सबसे पहले, सबसे अधिक आयु की स्त्री अपनी बात सुनाए...'

और मुकदमा समाप्त हो गया!

एक दिन बच्चा अपने पिता से सवाल करता है, पापा हम दोनों में से ज्यादा काबिल कौन है, मैं या आप?

यह सुन पिता जवाब देते हैं, 'मैं हूं, क्योंकि एक तो मैं तुम्हारा बाप हूं और दूसरा तुम से उम्र में बड़ा हूं। मेरा तजुर्बा भी तुम से ज्यादा है।'

बच्चा कुछ देर सोचने के बाद फिर एक सवाल पूछता है, 'फिर तो आपको पता ही होगा कि अमेरिका की खोज किसने की थी?'

पिता जवाब देता है, 'हां मुझे पता है, कोलंबस ने की थी।'

यह सुन बच्चा तुरंत जवाब देता है, 'कोलम्बस के बाप ने क्यों नहीं की, उसका तजुर्बा भी तो कोलम्बस से ज्यादा ही रहा होगा ना पिताजी?'

बातूनी महिला डॉक्टर के पास चेकअप करवाने जाती है।

डॉक्टर (महिला से)- आपको कोई तकलीफ नहीं है बस आराम की जरूरत है।

महिला (डॉक्टर से)- लेकिन आपने मेरी जुबान तो देखी ही नहीं।

डॉक्टर- उसे भी आराम की जरूरत है।

एक बार छह वर्षीय पप्पू जोर-जोर से रोता, सीढ़ियों से नीचे उतरता हुआ आ रहा था। यह देख उसकी मां ने पूछा, क्या बात है? सिसकियां भरते हुए पप्पू बोला, 'पिताजी ऊपर दीवार पर एक चित्र लटकाने के लिए कील लगा रहे थे, तो गलती से उन्होंने हथौड़ा अपने ही अंगूठे पर मार लिया।'

पप्पू को चुप कराते हुए उसकी मां बोली, 'बेटा यह कोई बहुत गंभीर या घबराने वाली बात तो नहीं है, तो चलो अब जरा बहादुर बच्चों जैसे हंस कर दिखाओ।'

पप्पू रोते हुए जवाब देता है, 'ऊपर वही तो किया था!'

संता ने एक नई मारुति कार खरीदी और अपने दोस्त से मिलने अपने घर अमृतसर से जालंधर चला गया। संता वहां थोड़े ही समय में पहुंच गया। वहां पर कुछ दिन रहने के बाद उसने वापस घर आने की सोची और अपनी मां को फोन करके बताया कि वो शाम तक घर पहुंच जायेगा। पर वो न तो शाम को पहुंचा और न ही अगले दिन पहुंच पाया। जब वो तीसरे दिन घर पहुंचा तो परेशान मां ने पूछा, 'अरे पुत्र! की होया?' संता बहुत थका हुआ लग रहा था और थके हुए लहजे में मां से बोला, 'अरे मां ये मारुति वाले पागल हो गए हैं! अग्गे जाने वास्ते चार गिअर बनाए हैं, और पिच्छे जाने वास्ते सिर्फ इक!'

राजकुमार और जादुई घोड़ा

स्क्रिप्ट : वेणु वारियथ चित्रांकन : एम. मोहनदास

पिछले अंक में आपने पढ़ा कि किस तरह राजकुमार कमर उड़ने वाले घोड़े पर सुल्तान साना की बेटी को ले आते हैं और महल के अंदर आने की अनुमति मांगते हैं। वे सुल्तान को कुछ दिखाने की बात भी कहते हैं...अब आगे पढ़ें चित्रकथा के अंतिम भाग के 18 पृष्ठ।



जल्दी ही...
पिताजी, लवाजमे को राजकुमारी तक पहुंचने में बहुत देर लगेगी। तब तक वह अकेली परेशान हो जायेगी।
हां, यह सही है। ऐसा करो तुम पहले ही वहां चले जाओ।
कमर रानी के पास पहुंचने के लिए निकला।
वहां पहुंचने पर उसे धक्का-सा लगा।
अरे! राजकुमारी कहां है? और यहां तो घोड़ा भी नहीं है।
लगता है, किसी ने उन दोनों का अपहरण कर लिया है।

कमर का सोचना बिल्कुल सही था। वह विद्वान कैद से मुक्त होकर जंगल में दवाओं के पौधे लेने चला गया।




उसकी मां गंभीर बीमार है। इसलिए कमर राजमहल में ही हैं।
ओह, मैं उनसे तुरंत मिलना चाहती हूं।
हां...हां...क्यों नहीं, मैं तुम्हें महल ले चलता हूं।
लेकिन चलने के लिए हमारे पास घोड़ा कहां है?
इसकी चिंता क्यों करती हो? क्या हमारे पास राजकुमार का लाया हुआ घोड़ा नहीं है?
हा...हा...अब मैं देखता हूं कमर क्या करता है।
जल्दी ही...
मेहरबानी करके बताओ कि राजकुमार कहां है?

हा...हा...अब तुम वो ही करोगी, जो मैं कहूंगा, समझीं।
जल्दी ही वो उस राज्य की सीमा को पार कर गये।
अरे...तुम कहां जा रहे हो?
मैं तुम्हें सारी बात बताऊंगा। थोड़ा धीरज तो रख युवती....
क्या तुम्हें मालूम है यह घोड़ा मेरा है। राजकुमार ने इसे मुझसे छीन लिया था।
और इसके बाद उस दुष्ट ने मुझे कैद में डाल दिया था।

और अब मैंने मेरा घोड़ा वापस ले लिया।
मैं इस बारे में कुछ नहीं जानती। दया करके मुझे छोड़ दो।
नहीं...अब तुम मेरी बेगम बनोगी।
या अल्लाह...मेरा कैसा दुर्भाग्य है?
लम्बी यात्रा के बाद विद्वान ने घोड़े को एक जंगल में उतारा।
चिंता मत करो युवती, तुम्हें यहां कोई परेशानी नहीं होगी।
मेहरबानी करके मुझे जाने दीजिए। मैं जल्दी से जल्दी राजकुमार कमर के पास जाना चाहती हूं।
अरे...!

यह इस राज्य का सुल्तान था, जो शिकार करने आया था।
मुझे सही-सही बताओ तुम कौन हो वरना...?
हम पास वाले देश के नागरिक हैं, यह मेरी बेगम है।


सब झूठ है। यह आदमी अजनबी है। मुझे यहां जबरदस्ती लाया है।
लगता है औरत सही बोल रही है। मैं इस बूढ़े आदमी को सजा दूंगा।
...और इस प्रकार विद्वान को एक बार फिर कैद हो जाती है।
इसी दौरान दुखी राजकुमार कमर यात्री के कपड़े पहनकर राजकुमारी की खोज में निकल जाता है।
कमर ने एक सप्ताह यात्रा की ...और अंत में पास के राज्य की सराय में पहुंचा।
अरे दोस्त, क्या तुमने सुना है कि एक बूढ़ा आदमी एक राजकुमारी का अपहरण कर लाया है।
वो तो नहीं जो घोड़े पर आया था?
सुल्तान ने उसे कैद में डाल दिया।
क्या...? ये लोग जादुई घोड़े और राजकुमारी के बारे में तो बात नहीं कर रहे?

कमर ने जल्दी ही उन यात्रियों से पूरी बात का पता लगाया।
मुझे तुरंत महल पहुंचना चाहिए।
इसके बाद..
अरे, वहीं ठहरो। कहां से आये हो तुम?
मैं ईरानी हूं।
बहुत अच्छा...! इन दिनों सभी लोग ईरान से ही आ रहे हैं।
आप ऐसा क्यों कह रहे हैं?
कुछ दिनों पहले एक ईरानी आदमी एक राजकुमारी का अपहरण कर यहां ले आया था। अब वह कैद में है।
....उस राजकुमारी की सुंदरता से प्रभावित हो, सुल्तान ने उससे निकाह करने का फैसला किया है।
क्या निकाह हो चुका?

पहरेदारों ने कमर की बातों को सही मान लिया। वे उसे सुल्तान के पास ले गये और सारी बात बतायी।

सुल्तान ने हर्जा को राजकुमारी की बीमारी की पूरी जानकारी दी।
जहांपनाह, राजकुमारी और घोड़े के बीच कुछ सम्बन्ध है। मैं पहले घोड़े को देखना चाहता हूं।
क्यों नहीं...?
इस तरह...
सौभाग्य से घोड़ा बिल्कुल सही है।
अब मैं राजकुमारी से मिलना चाहता हूं।
हां...हां...आइए मेरे साथ...
जल्दी ही...
ओह! राजकुमारी ठीक है। दिल को बड़ा सुकून मिला....
या अल्लाह...

उसने पागल होने का अभिनय किया, ताकि कोई उसे परेशान न करे।
जहांपनाह, आप यहां इंतजार करें। मुझे राजकुमारी की जांच कर लेने दें।
ठीक है, सावधानी से करना...
हर्जा तुरंत राजकुमारी ओर गया...
श...श...मैं हूं...तुम्हारा राजकुमार कमर...लेकिन यह किसी को पता नहीं चलना चाहिए कि तुम मुझे जानती हो। यदि सुल्तान को यह मालूम पड़ गया तो हम दोनों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा।
ठीक है कमर...।
इसके बाद...
जहांपनाह, आप खुशनसीब हैं...मैंने उसकी बीमारी का पता लगा लिया है।
क्या बात है...!
तुम्हें उससे प्रेम से बातें करनी चाहिए और वही करें जो वह कहती है।
हां, मैं ऐसा ही करूंगा।


सुल्तान राजकुमारी के पास गया।
जहांपनाह, मुझे खुशी है कि आप मुझसे मिलने आये।
अरे, इतनी जल्दी इसकी तबीयत सुधर गई! वास्तव में, आश्चर्यजनक...!
कुछ दिन बाद...
जहांपनाह, राजकुमारी की अभी भी कुछ चिकित्सा बाकी है। अभी तबीयत पूरी तरह से ठीक नहीं है।
उसको एक दैत्य परेशान कर रहा है। वह घोड़े के अंदर है। उसे आप यहां ले आइए।
इसके बाद तुम उसे मार देना।
दैत्य को मारने से पहले हमें राजकुमारी को एक बार घोड़े के पास लाना होगा।
यह काम हम कल करेंगे।
अगले दिन सुल्तान और उसके सहयोगी राजकुमारी को लेकर घोड़े के पास गये।

ज्योहीं कमर घोड़े के पास पहुंचा...
सारी परेशानियां इसी घोड़े के कारण है। मैं राजकुमारी को इस घोड़े पर बिठाऊंगा और कुछ प्रार्थना करूंगा। इसके बाद दैत्य से मुक्ति मिल जाएगी।
आप सभी से मेरी गुजारिश है कि आप थोड़ा दूर खड़े रहें जब तक कि मेरी प्रार्थना चले....
ठीक है...।
इस तरह कमर राजकुमारी को जादुई घोड़े के पास ले गया।
इससे पहले कि सुल्तान को संदेह हो, जल्दी से घोड़े पर बैठ जाओ।
कमर, अल्लाह से दुआ करो कि वो हमें सभी परेशानियों से बचाए।

जल्दी ही कमर और घोड़ा आकाश में ऊपर उड़ने लगे।
ओह! कितना सुकून मिला है!
लगता है वह दैत्य को आकाश में मारना चाहता है। इसीलिए ऊपर गया है।
सही है, जो भी हो, आदमी बड़ा चालाक है।
राजकुमारी, अब सुल्तान तुम्हारा कुछ नहीं बिगाड़ सकेगा। हम उसके राज्य की सीमा से बाहर आ गये हैं।
कमर अब मुझे बहुत ही अच्छा लग रहा है।
वह सुल्तान अभी तक तुम्हारा इंतजार कर रहा होगा।
हा...हा...बेचारा सुल्तान...

काफी लम्बी यात्रा करने के बाद वे कमर के राज्य में पहुंचे।
राजकुमारी, देखो हमारा महल...!
मुझे बेहद खुशी हो रही है कमर...

कमर का घोड़ा महल के आंगन में उतरा।
आओ, राजकुमार कमर....!
अरे, तुम्हारे साथ राजकुमारी भी है!

सुल्तान सबूर ने सुना कि राजकुमार वापस आ गया है, तो वह दौड़ता हुआ आया।
मेरे बेटे...
अब्बाजान...

मुझे बेहद खुशी है कि तुम सुरक्षित वापस आ गये।
पिताजी, मुझे सुल्तान साना को एक पत्र भेज कर बुलवाना है। एक बार वे यहां आ जाएं। उसके बाद हमें शीघ्र ही निकाह करना है।
सुल्तान सबूर इस बात पर सहमत हो गये...
जादुई घोड़ा कहां है?
वह वहां खड़ा है।
सुल्तान तलवार लेकर घोड़े की ओर झपटता है।
क्या बात है पिताजी?
और अगले ही क्षण सुल्तान ने घोड़े के कई टुकड़े कर दिये।

जल्दी ही कमर और राजकुमारी ने निकाह कर लिया। निकाह बहुत ही आलीशान तरीके से हुआ। इसके बाद वे खुशी से रहने लगे।

समाप्त

अद्भुत अंगकोर वाट

यह क□बोडिया स्थित विश्व का सबसे बड़ा मंदिर है अंगकोर वाट। इसका अर्थ है, नगर मंदिर (सिटी टै□पल)। यह उ□ार-पश्चिमी क□पूचिया के अंगकोर शहर में स्थित है। इस मंदिर की बाहरी दीवार का कुल क्षेत्रफल एक दर्जन फुटबाल मैदानों के क्षेत्रफल से भी अधिक है।

इस मंदिर के अंदर पत्थर के कई प्रांगण हैं, जो अपने से बाहर वाले प्रांगणों से अधिक ऊंचे हैं। इसके मध्य में पत्थर के पांच स्त□भ स्थित हैं, जो कमल के फूल जैसे दिखते हैं। किसी समय इन पर सोने की परत चढ़ी हुआ करती थी। इनमें सब से मध्य वाला स्त□भ सर्वाधिक ऊंचा है। यह मंदिर एक बड़े पिरामिड जैसा दिखता है। बरामदे की दीवारों पर हिंदुओं के पूजनीय देवता श्री विष्णु के दृश्य उत्कीर्णत हैं। यह मंदिर लगभग क्भ्भ मीटर ल□बा और क्ब मीटर चौड़ा है। पश्चिम की ओर से इस तक एक बहुत सुंदर सड़क जाती है, जो एक सेतुपथ (उभरी हुई सड़क) पर बनी है। मूल रूप में इस मंदिर में नौ स्त□भ थे, परन्तु उनमें से आज सिर्फ पांच ही रह गए हैं।

मंदिर के प्रांगण में बहुत खूबसूरत स्त□भ हैं। इसकी सीढ़ियां और ड्योढ़ियां शानदार दस्तकारी का नमूना हैं। सभी कलाकृतियों में हिंदू धर्म से संबंधित गाथाएं उत्कीर्णत की गई हैं। इस मंदिर का निर्माण खमेर राजा सूर्यवर्मन द्वितीय ने क्ख्वीं शता□दी की शुरुआत में करवाया था। सूर्यवर्मन का शासन काल वर्ष क्क्क्फ से क्क्भ तक था।

इस मंदिर का निर्माण सूर्यवर्मन के अपने पूजा-स्थल के तौर पर किया गया था। मंदिर की दीवारों पर कई ऐसे दृश्य देखने को मिलते हैं, जिनमें सूर्यवर्मन के ऐश्वर्यशाली वैभव का चित्रण है। खमेर राजा खुद को सर्वोपरि मानते थे और लोग उनकी पूजा किया करते थे। लोगों ने उनके स□मान और वैभव को प्रदर्शित करने वाले कई मंदिरों का निर्माण करवाया। यह मंदिर उस काल की भवन निर्माण कला का उत्कृष्ट नमूना है।

